# आपको Paxlovid के बारे में क्या पता होना चाहिए

## Paxlovid क्या है?

Paxlovid एक दवाई है, जो आपको कोविड-19 के कारण बीमार होने से रोकने में सहायता करती है।

इसमें दो दवाइयाँ (nirmatrelvir और ritonavir) हैं, जो आपके शरीर के अंदर कोविड-19 वायरस को फैलने से रोकने के लिए साथ-मिलकर काम करती हैं।

Paxlovid आपके लक्षणों को बिगड़ने से रोक सकती है और आपके लिए कोविड-19 के कारण अस्पताल जाने की आवश्यकता की संभावना कम कर सकती है।

**Paxlovid आपको दोबारा कोविड-19 से संक्रमित होने से नहीं रोकेगी।**
**Paxlovid टीकाकरण का विकल्प नहीं है। कोविड-19 का गंभीर संक्रमण होने से सबसे अच्छा बचाव टीकों के साथ अप टु डेट रहना है।**

## Paxlovid किसे लेनी चाहिए?

यदि आपके लिए कोविड-19 के कारण गंभीर रूप से बीमार पड़ने का ऊँचा खतरा है, तो आप Paxlovid ले सकते/सकती हैं। आपको लक्षण आरंभ होने के पांच दिनों के अंदर Paxlovid शुरू करनी होगा, ताकि यह अच्छी तरह से काम कर सके।

आपके लिए गंभीर रूप से बीमार पड़ने का खतरा आपके स्वास्थ्य, आयु और टीकाकरण की स्थिति पर आधारित होता है।

एक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपको बता सकता है कि क्या आपके लिए ऊँचा खतरा है। आप यह देखने के लिए ओंटारियो के स्क्रीनर टूल का उपयोग भी कर सकते/सकती हैं कि क्या आपके लिए ऊँचा खतरा हो सकता है: **https://covid-19.ontario.ca/covid-treatment-screener**

आपके लिए ऊँचा खतरा इन स्थितियों में भी हो सकता है:

- ✓ 60 या इससे अधिक आयु;
- ✓ 18 या इससे अधिक आयु के लोगों के लिए किसी स्वास्थ्य समस्या या दवाइयों के कारण कमजोर प्रतिरक्षण प्रणाली);
- ✓ 18 से 59 वर्ष की आयु के लोगों में संभावित रूप से कोविड-19 के प्रति पर्याप्त प्रतिरक्षण नहीं हो सकता है (उदाहरण के लिए, आपको टीका नहीं लगाया गया है, या आपको टीके की खुराक लेने के बाद या कोविड-19 के कारण बीमार पड़ने के बाद छह महीनों से अधिक समय हो गया है)
- ✓ 18 से 59 वर्ष की आयु तथा एक या एकाधिक चिकित्सीय समस्याएँ, जिनसे आपके लिए गंभीर कोविड-19 का ऊँचा खतरा पैदा होता है। आपके लिए गंभीर कोविड-19 का ऊँचा खतरा पैदा करने वाली कुछ चिकित्सीय समस्याएँ हैं:
  - कैंसर
  - सेरिब्रोवैस्क्युलर रोग (जैसे, स्ट्रोक)
  - गुर्दे का रोग
  - यकृत का रोग
  - फेफड़ों का रोग
  - सिस्टिक फाइब्रोसिस
  - डायबटीज़
  - विकलांगताएँ
  - हृदय की समस्याएँ
  - एचआईवी संक्रमण
  - मानसिक स्वास्थ्य विकार
  - मोटापा
  - गर्भावस्था और हाल में गर्भावस्था
  - धूम्रपान (वर्तमान या पूर्व)
  - ट्युबरक्युलोसिस

Ontario Health

**यदि आपको लगता है कि आपके लिए कोविड-19 के कारण गंभीर रूप से बीमार पड़ने का ऊँचा खतरा है, तो किसी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से विकल्पों के बारे में चर्चा करें।**

## मुझे लगता है कि मुझे कोविड-19 है। मुझे Paxlovid कैसे मिल सकती है?

आप अपने लक्षणों की जांच यहाँ कर सकते/सकती हैं: **covid-19.ontario.ca/exposed#symptoms**

यदि आपको लगता है कि आपको गंभीर बीमारी का खतरा है और आपके शरीर में कोविड-19 के लक्षण हैं, तो आप:

- अपनी फार्मेसी से संपर्क करें (कई फार्मासिस्ट भी Paxlovid का नुस्खा दे सकते हैं)
- अपने प्राथमिक देखभाल प्रदाता (पारिवारिक डॉक्टर या नर्स पेशेवर) से संपर्क करें

यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं या आपको सहायता चाहिए, तो आप Health811 से भी संपर्क कर सकते/सकती हैं। नंबर 811 पर कॉल करें या ऑनलाइन नर्स से चैट करने के लिए **ontario.ca/health811** पर जाएँ।

Health811 आपको वर्चुअल केयर परामर्श से जोड़ सकता है, यदि यह आपके लिए सही हो।

**यह महत्वपूर्ण है कि जैसे ही आपके शरीर में लक्षण दिखाई देते हैं, आप तुरंत स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।** लक्षणों के आरंभ होने के पांच दिनों के अंदर Paxlovid शुरू की जानी चाहिए, ताकि यह अच्छी तरह से काम कर सके।

यदि आपके शरीर में गंभीर लक्षण हैं, तो 911 पर कॉल करें या आपातकालीन विभाग में जाएँ। गंभीर लक्षणों में शामिल हैं:

- सांस लेने में परेशानी
- सीने में दर्द
- बेहोशी
- भ्रम

## Paxlovid के बारे में अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करते समय मुझे अपने साथ क्या जानकारी लानी चाहिए?

स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करते समय आपको अपने साथ ये जानकारी लानी चाहिए:

- आप जो भी दवाइयाँ ले रहे/रही हैं, उनकी सूची। इसमें नुस्खे की और ओवर-द-काउंटर दवाइयाँ, विटामिन और हर्बल सप्लिमेंट्स शामिल हैं
- अपनी चिकित्सीय समस्याओं की सूची
- हाल में की गई किसी भी रक्तजाँच की प्रति, अगर यह आपके पास उपलब्ध हो

यदि आपको कोई एलर्जी, यकृत या गुर्दे का रोग है, अथवा यदि आप गर्भवती हैं, स्तनपान करा रही हैं या हॉर्मोनल जन्म नियंत्रण (जैसे जन्म नियंत्रण गोलियाँ या पैचेज़) का उपयोग कर रही हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएँ।

## Paxlovid प्राप्त करने के लिए क्या मुझे कोविड-19 परीक्षण कराने की आवश्यकता है?

Paxlovid प्राप्त करने के लिए आपको कोविड-19 के सकारात्मक परीक्षण की आवश्यकता होगी। यह पीसीआर, रैपिड मॉलिक्युलर टेस्ट, या रैपिड एँटीजन टेस्ट हो सकता है (चाहे इसे घर पर किया गया हो)।

**Paxlovid के बारे में स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ बात करने से पहले आपको सकारात्मक परीक्षण की आवश्यकता नहीं है।** यदि आपको टेस्ट की ज़रूरत होगी, तो वे आपको परीक्षण प्राप्त करने में सहायता देंगे।

## क्या Paxlovid नि:शुल्क है?

स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से नुस्खा प्राप्त होने पर Paxlovid नि:शुल्क है। Paxlovid प्राप्त करने के लिए आपको ओएचआईपी कार्ड की आवश्यकता नहीं है।

## मैं Paxlovid कैसे ले सकता/सकती हूँ?

Paxlovid को पांच दिनों के लिए दिन में दो बार मौखिक रूप से (मुंह से) लिया जाता है।

Paxlovid एक पैकेज में सुबह की खुराक और शाम की खुराक के साथ आती है। हरेक खुराक में 2 गोली nirmatrelvir (गुलाबी गोलियाँ) और 1 गोली ritonavir (सफेद गोली) होती है।

गुर्दे के रोग से ग्रस्त लोगों के लिए नुस्खे में कम खुराक दी जा सकती है।

आपको पूरे 5 दिनों के लिए सुबह की सभी तीन गोलियाँ एक ही समय पर साथ लेनी चाहिए और शाम की सभी गोलियाँ एक ही समय पर साथ लेनी चाहिए। Paxlovid को भोजन के साथ या भोजन के बिना लिया जा सकता है।

यदि आप Paxlovid की खुराक लेना भूल जाते/जाती हैं और आपको सेवन करने के सामान्य समय के 8 घंटों के अंदर याद आ जाता है, तो तुरंत गोलियाँ लें। यदि आप 8 घंटों से अधिक समय के लिए खुराक से चूक जाते/जाती हैं, तो छूटी हुई खुराक को छोड़ दें और अपने नियमित समय पर अगली खुराक लें। एक ही समय में Paxlovid की 2 खुराकें (6 गोलियाँ) न लें।

Paxlovid का सेवन हमेशा अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के निर्देशानुसार करें।

**Paxlovid का उपचार लेते समय भी आप संक्रामक होते/होती हैं और संक्रमण के फैलने से बचाव के लिए आपको जनस्वास्थ्य निर्देशों का पालन करना चाहिए।** वर्तमान जनस्वास्थ्य निर्देशों के बारे में यहाँ पढ़ें: **https://www.ontario.ca/page/public-health-measures-and-advice**

## Paxlovid के संभावित पक्ष-प्रभाव क्या हैं?

Paxlovid लेते समय आपको निम्नलिखित पक्ष-प्रभावों का अनुभव हो सकता है:

- स्वाद में बदलाव
- दस्त
- उच्च रक्तचाप
- मांसपेशियों में दर्द
- पेट दर्द
- मतली
- सामान्य अस्वस्थता महसूस होना

आपके ध्यान में अन्य पक्ष-प्रभाव भी आ सकते हैं। यदि आपके शरीर में ऐसे पक्ष-प्रभाव पैदा होते हैं, जिनसे आपको परेशानी हो रही है अथवा यदि वे दूर नहीं हो रहे हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

Paxlovid के अन्य दुर्लभ लेकिन संभावित पक्ष-प्रभाव हैं:

- **एलर्जिक प्रतिक्रियाएँ।** यदि आपके शरीर में एलर्जिक प्रतिक्रिया के इन लक्षणों में से कोई भी लक्षण पैदा होता है, तो Paxlovid लेना बंद कर दें और अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को तुरंत कॉल करें: आपकी त्वचा पर खुजलीदार धब्बे (पित्ती), निगलने या सांस लेने में परेशानी, होंठ, चेहरा, या जीभ फूलना, गले में जकड़न या खराश।
- **यकृत समस्याएँ।** यदि आपके शरीर में यकृत समस्याओं के इनमें से कोई भी संकेत और लक्षण पैदा होते हैं, तो तुरंत अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएँ: पीले रंग की त्वचा या आंखें (पीलिया), असामान्य रूप से गहरे रंग की मूत्र (पेशाब),आपके पेट के दाईं ओर नया दर्द।
- **एचआईवी दवाइयों का प्रतिरोध।** यदि आप अनुपचारित एचआईवी संक्रमण से ग्रस्त हैं, तो Paxlovid के कारण कुछ एचआईवी दवाइयाँ भविष्य में संभावित रूप से अच्छी तरह से काम नहीं भी कर सकती हैं।

## क्या मैं अन्य दवाइयाँ लेते समय Paxlovid ले सकता/सकती हूँ?

Paxlovid सामान्य रूप से इस्तेमाल की जाने वाली कई दवाइयों और सप्लिमेंट्स के साथ व्यवहार कर सकती है। स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता (उदाहरण के लिए, फार्मासिस्ट) आपकी अन्य दवाइयों में परिवर्तन कर सकता है, ताकि आप सुरक्षित रूप से Paxlovid ले सकें।

Paxlovid हॉर्मोनल जन्म नियंत्रण के काम करने के तरीके को भी प्रभावित कर सकती है। Paxlovid लेते समय आपको किसी अन्य तरीके के गर्भनिरोध (उदाहरण के लिए, कंडोम या संयम) का उपयोग करना चाहिए।

## यदि कोविड-19 के मेरे लक्षण बिगड़ जाते हैं, तो मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आपको बेहतर महसूस नहीं होता है या 5 दिनों के बाद और भी खराब महसूस होता है, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

यदि आपके शरीर में गंभीर लक्षण विकसित होते हैं, तो 911 पर कॉल करें या आपातकालीन विभाग में जाएँ। गंभीर लक्षणों में शामिल हैं:

- सांस लेने में परेशानी
- सीने में दर्द
- बेहोशी
- भ्रम

यह जानकारी जनवरी 2023 तक सही है।

**क्या आपको यह जानकारी सुलभ प्रारूप में चाहिए?**
1-877-280-8538, टीटीवाई 1-800-855-0511,
info@ontariohealth.ca

Publication No. 301217 (Hindi)
ISBN No. 978-1-4868-6848-3 (PDF)
© King’s Printer for Ontario, 2023